# समाचार

## स्वच्छता पखवाड़ा

## पांचवे दिन आज जेलगांव साप्ताहिक बाजार में चला स्वच्छता अभियान

## (जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमनागरिकों ने स्वच्छता कार्य में निभाई सहभागिता)



कोरबा 20 नवम्बर 2015 –स्वच्छता पखवाड़े के पांचवे दिन आज नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोनांतर्गत स्थित जेलगांव साप्ताहिक बाजार में विशेष साफ–सफाई कार्यो का संपादन एक अभियान के रूप में किया गया। इस मौके पर सफाई कर्मियों के साथ–साथ निगम के जनप्रनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों एवं उक्त क्षेत्र के नागरिकों ने भी सफाई कार्यो में अपनी सहभागिता निभाई।

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत अन्य नगरीय निकायों की भांति स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। यहां उल्लेखनीय है कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप सम्पूर्ण प्रदेश के नगरीय निकायों के साथ–साथ जिला कलेक्टर श्री पी.दयानंद के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले के अन्य नगरीय निकायों के साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं निगम कमिश्नर श्री अजय कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश में निगम क्षेत्र में स्थित साप्ताहिक व दैनिक आम बाजारों में विशेष सफाई अभियान चलाकर पूर्ण स्वच्छता का कार्य संपादित कराया जा रहा है। पखवाड़े के पांचवे दिन आज दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले जेलगांव साप्ताहिक बाजार में विशेष साफ–सफाई कार्य किया गया। इस अवसर पर निगम के मेयर इन काउंसिल सदस्य सुनील पटेल, अधीक्षण अभियंता एम.के. वर्मा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्तव, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता अखिलेश शुक्ला, छ.ग.रा.वि.उत्पादन कंपनी दर्री के सहायक अभियंता डी.के.जैन एवं एन. शेवलकर, उप अभियंता यशंवत जोगी, स्वच्छता निरीक्षक निर्मल कुमार सिंह,

राजस्व अधिकारी अशोक बनाफर, बनवारीलाल आदित्य, ढेलूराम देवांगन आदि ने निगम के स्वच्छता कामगारों के साथ मिलकर साफ–सफाई के कार्यो में हिस्सा लिया।

**21 नवम्बर को बांकी मुख्य मार्केट में चलेगा अभियान**–16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक आयोजित किये जाने वाले प्रथम चरण के इस स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत 21 नवम्बर को बांकीमोंगरा जोनांतर्गत स्थित बांकी मुख्य मार्केट में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा उक्त क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं आमनागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता प्रदान करें। इसी प्रकार 23 नवम्बर को कोरबा शहर थोक मार्केट इतवारी रोड, दर्री रोड बाजार, 24 नवम्बर को इंदिरा व्यवसायिक परिसर टी.पी.नगर, 26 नवम्बर को निहारिका मुख्य बाजार एवं थोक सब्जी मण्डी, 27 नवम्बर को बालको सिविक सेंटर एवं सेक्टर–5 मार्केट, 28 नवम्बर को एन.टी.पी.सी. साप्ताहिक बाजार एवं 30 नवम्बर को भैरोताल एवं बांकीमोंगरा बाजार में स्वच्छता पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यो का संपादन कराया जाएगा।